# नए Scotland का निर्माण: स्वतंत्र Scotland में न्याय

BUILDING A NEW SCOTLAND

## सारांश


'नए Scotland का निर्माण' श्रृंखला का यह तेरहवाँ दस्तावेज़ स्वतंत्र Scotland में न्याय के लिए स्कॉटिश सरकार के प्रस्तावों का वर्णन करता है। पूर्ण प्रकाशन में इन प्रस्तावों की और भी जानकारी दी गई है, जिन साक्ष्यों पर वे आधारित हैं उन साक्ष्यों का विश्लेषण दिया गया है, और स्रोतों के संदर्भ भी दिए गए हैं।

यह दस्तावेज़ Scotland की न्याय प्रणाली, जो पहले ही काफ़ी हद तक हस्तांतरित हो चुकी है, पर केंद्रित है और स्वतंत्रता की पूर्ण शक्तियों से जो लाभ मिल सकते हैं उन लाभों का वर्णन करता है। कानूनी क्षेत्राधिकार के रूप में Scotland की विशिष्टता, हस्तांतरण से काफ़ी पहले से मौजूद है और इसे संघ के अधिनियम (एक्ट्स ऑफ़ यूनियन) 1707 में संरक्षित रखा गया था। इस न्याय प्रणाली के में अपनी स्वतंत्रत न्यायपालिका, न्यायालय, अभियोजन सेवा, अधिकरण और अन्य न्याय अभिकरण पहले से ही हैं और अपना खुद का कानूनी पेशा भी है। इसके अतिरिक्त, अलग जेल, पुलिस और अग्निशमन व बचाव सेवाएँ भी हैं।

स्वतंत्रता का यह अर्थ होगा कि Scotland वर्तमान में आरक्षित सभी न्याय क्षेत्रों में सभी निर्णय ले पाएगा और वे सभी नीतिगत तथा संचालनात्मक निर्णय Scotland के भीतर स्थितमौजूद थे। इससे हमारे समाज के सामने मौजूद कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों, जैसे ड्रग्स, जुआ और संगठित अपराध, पर अधिक केंद्रित और रचनात्मक कार्रवाई के अवसर पैदा होंगे, और Scotland की विशिष्ट परिस्थितियों तथा आवश्यकताओं के अनुरूप निर्णय लिए जाएँगे।

स्वतंत्र Scotland एक खुला, संलग्नप्रवृत्त और सकारात्मक अंतरराष्ट्रीय भागीदार भी होगा जो सीमापार के न्यायिक मुद्दों में मुख्य भूमिका निभाने में सक्षम होगा। हमारे अंतरराष्ट्रीय भागीदारों से सहयोग के ज़रिए, स्वतंत्र Scotland हमारे साझा उद्देश्यों को आगे बढ़ाएगा, वैश्विक चुनौतियों, विशेष रूप से आतंकवाद-विरोध, सायबर अपराध और गंभीर संगठित अपराध से संबंधित वैश्विक चुनौतियों के समाधान में हमारी पूरी-पूरी भूमिका निभाएगा।


## न्याय के प्रति दृष्टिकोण

स्कॉटिश सरकार ने Scotland में न्याय के लिए एक स्पष्ट ध्येय व्यक्त किया है जो एक न्यायपूर्ण, सुरक्षित और प्रत्यास्थ देश है। पिछले कई वर्षों के दौरान पूरी न्याय प्रणाली के कई क्षेत्रों में अच्छे-खासे सुधार हुए हैं। ऐसी बहुत-सी चीज़ें हैं जिन पर Scotland गर्व कर सकता है, पर साथ ही काफ़ी काम बाकी है, जैसा कि हमारी महत्वाकांक्षी प्रदायगी योजनाओं में दर्शाया गया है।

स्वतंत्र Scotland में हमारे पास वे सारे नीतिगत और संचालनात्मक साधन होंगे जो हमें Scotland के लोगों को सुरक्षित रखने के लिए चाहिए, और वे अपराध घटाने तथा लोगों को हानि से बचाकर रखने के हमारे दमदार रिकॉर्ड पर आधारित होंगे। मानवाधिकार आधारित दृष्टिकोण के लिए इस सरकार की प्रतिबद्धता न्याय के सभी क्षेत्रों तक विस्तारित होगी और यह सुनिश्चित करेगी कि Scotland के लोगों के अधिकारों को सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय मानकों, जिनमें यूरोपीय मानवाधिकार समझौता शामिल है, की अनुरूपता में समर्थित रखा जाए।

हमारी न्याय प्रणाली नीतिगत दृष्टिकोण के मुख्य पहलुओं के रूप में रोकथाम, शीघ्र हस्तक्षेप और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करेगी। साथ ही, महिलाओं व लड़कियों पर अत्याचार घटाने और उनके विरुद्ध हिंसा से निपटने में मदद के लिए व्यक्ति-केंद्रित और आघात-आधारित दृष्टिकोण को शामिल करना एक प्राथमिकता बनी रहेगी।

## बदलाव लाना

स्वतंत्रता किसी कार्यशील राज्य के लिए आवश्यक संरचनाओं का निर्माण करने तक ही सीमित नहीं है, वह इससे कहीं अधिक है। यह दस्तावेज़ स्वतंत्रता से उत्पन्न ऐसे कई अवसरों पर प्रकाश डालता है जो Scotland को गंभीर संगठित अपराध, हथियार और मानव तस्करी जैसे क्षेत्रों में एक अलग दृष्टिकोण अपनाने के नए अवसर प्रदान करेंगे।

स्वतंत्रता मिलने से हमारे जनस्वास्थ्य दृष्टिकोण के कारण हिंसा घटाने केमें मदद मिलेगी, जहाँ हम इसकी रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं – जिस प्रकार किसी रोग के उपचार से बेहतर है उसकी वैक्सीन लगवाना, इसी प्रकार हिंसा के बाद प्रतिक्रिया देनेकी कार्रवाई से बेहतर है उसकी रोकथाम करना। यह दृष्टिकोण ड्रग नीति में सुधार जैसे वर्तमान आरक्षित क्षेत्रों में भी अपनाया जाएगा। हमारे प्रस्ताव से यह भी दिखाते हैंपता चलता है कि Scotland के सामने मौजूद विशिष्ट चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले तरीके से बड़े खतरों से निपटने के लिए नीतिगत और संचालनात्मक विशेषज्ञता को किस प्रकार साथ आगे लाया जाएगा, और आतंकवाद तथा सायबर हमलों के परिष्कृत खतरों से लड़ने के लिए आवश्यक सुरक्षा और गुप्त-सूचना क्षमता कैसे विकसित की जाएगी।

## सहयोग को मज़बूत करना

स्कॉटिश सरकार का यही ध्येय है कि स्वतंत्र Scotland स्वतंत्रता मिलने के बाद जल्द-से-जल्द EU में फिर से शामिल होने के लिए आवेदन करेगा। EU से दोबारा जुड़ने से यह सुनिश्चित होगा कि ब्रेक्ज़िट के बाद हमने जो प्रणालियाँ और नेटवर्क खो दिए थे उन तक पहुँचने के लाभ Scotland को मिलेंगे।

स्वतंत्र हो जाने पर, Scotland यूरोप परिषद (काउंसिल ऑफ़ यूरोप), संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशंस) और इंटरपोल में अपनी बात रख सकने की हैसियत पाकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर खुद का प्रतिनिधित्व कर पाएगा। हमारे अंतरराष्ट्रीय भागीदारों से सहयोग के ज़रिए, स्वतंत्र Scotland हमारे साझा उद्देश्यों को आगे बढ़ाएगा और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में अपनी पूरी-पूरी भूमिका निभाएगा।

हम UK के अन्य भागों में प्राधिकरणों से सहयोग के मौजूदा और सफल मॉडल को और पहले से मौजूद संबंधों को और मज़बूत बनाएंगे। हमारी अलग कानूनी प्रणाली और अलग आपराधिक न्याय प्रणाली का यह अर्थ है कि Scotland और इंग्लैंड तथा उत्तरी आयरलैंड के बीच मौजूदा क्षेत्राधिकार सीमाओं के आर-पार इस संबंध में समझौते/व्यवस्थाएँ पहले से मौजूद हों कि हमारी पुलिस और हमारे अभियोजक किस प्रकार सहयोग करते हैं।

## निष्कर्ष

Scotland के पास मध्ययुगीन काल से ही अपनी खुद की विधिक और न्याय प्रणाली रही है। हमारे पास ऐसी कई शक्तियाँ और सफलताएँ हैं जिन्हें आधार बनाकर आगे बढ़ा जा सकता है, जिससे हमें यह विश्वास मिलता है कि हम वे दूसरे घटक भी जोड़ सकते हैं जो हमें स्वतंत्र Scotland में निष्पक्ष और प्रभावशाली न्याय प्रदान करने के लिए चाहिए होंगे।

स्कॉटिश सरकार ने एक न्यायपूर्ण, सुरक्षित और प्रगतिशील Scotland का स्पष्ट ध्येय व्यक्त किया है, और पूरे न्यायिक क्षेत्र के मुख्य भागीदारों के सहयोग से किए जाने वाले सुधारों का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रस्तुत किया है।

स्वतंत्रता मिल जाने पर यह महत्वाकांक्षी सुधार कार्यक्रम उन क्षेत्रों में भी लागू होगा जहाँ वर्तमान मेंअभी UK सरकार का नियंत्रण है। वर्तमान व्यवस्थाएँ Scotland की विशिष्ट ज़रूरतों और परिस्थितियों के पूर्ण समधान के लिए नीति, विधान और प्रदायगी को अनुरूप बनाने की योग्यता को रोक सकती हैं।

स्वतंत्रता मिलने से हम UK के भीतर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपने वर्तमान संबंधों को और आगे बढ़ा पाएँगे, नए संबंध स्थापित कर पाएँगे और हमारे साझा न्याय लक्ष्यों पर राष्ट्रों के साथ बराबरी की हैसियत से काम कर पाएँगे।

© The Scottish Government 2024

स्कॉटिश सरकार द्वारा प्रकाशित, अप्रैल 2024

स्कॉटिश सरकार के लिए, APS Group Scotland, 21 Tennant Street,
Edinburgh EH6 5NA PPDAS1447206 (04/24) द्वारा निर्मित